परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय – 2

अणुशक्तिनगर , मुंबई

आवधिक परीक्षा – 1 [2023 -24]

विषय – हिंदी [तृतीय भाषा]

कक्षा – सातवीं　　　　अंक – 20　　　　समय – 1 घंटा

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 4

बलदेव सब लड़कों को सरकस देखने चलने की सलाह दे रहा है | बात यह थी कि स्कूल के पास एक मैदान में सरकस पार्टी आई हुई थी | सारे शहर की दीवारों पर उसके विज्ञापन चिपका दिए गए थे | विज्ञापन में तरह –तरह के जंगली जानवर अजीब – अजीब काम करते दिखाए गए थे | लड़के तमाशा देखने के लिए ललचा रहे थे |पहला तमाशा रात को शुरू होने वाला था मगर हेडमास्टर साहब ने लड़कों को वहाँ जाने की मनाही कर दी थी |

(क) बलदेव ने लड़कों को कहाँ चलने की सलाह दी ?

(ख) सरकस पार्टी कहाँ आई हुई थी ?

(ग) विज्ञापन में क्या दिखाए गए थे ?

(घ) लड़कों को वहाँ जाने से किसने मना किया ?

प्र.2 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

(क) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए - 2

डाल , बात , कली , दाना

(ख) नमूने के अनुसार लिखिए - 2

नमूना – सजीव – निर्जीव

सम , जीवन , गरमी , हाज़िर

(ग) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए - 2

(क) पहले खाना खा लो ----------------- पढ़ना | (लेकिन/ फिर)

(ख) तुम्हें घूमना पसंद है ----------------- खेलना | (किन्तु/ या)

(ग) मैं तैरना चाहता हूँ -------------------- मुझे तैरना नहीं आता | (लेकिन/और)

(घ) छाता लेकर जाओ --------------------- भीग जाओगे | (फिर/वरना)

प्र.3 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2 * 5 =10

(क) तुममें और रोबोट में क्या अंतर है ?

(ख) हर्ष का पिता क्या काम करता था ?

(ग) कनक छोटे-छोटे शंखों की मालाएँ बनाकर क्यों बेचती थी ?

(घ) चुरुंगुन को कौन-कौन सी चीजें अच्छी लगती थी ?

(ङ) चुरुंगुन अपने 'उड़ने' के बारे में बार-बार अपनी माँ से क्यों पूछता है ?

(च) हेडमास्टर साहब ने बच्चों को सरकस में जाने से क्यों मना किया होगा ?

(छ) सरकस के बारे में कौन-कौन सी अफवाहें फैली हुई थीं ?

****